प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ड्रग मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने बताया है कि पूरे देश से बारह अलग–अलग मामलों में 29 मादक पदार्थ तस्करों को अदालत ने दोषी ठहराया है। श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार मादक पदार्थ तस्करों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

******************

देश के सकल वस्तु एवं सेवा कर, जीएसटी, संग्रहण इस वर्ष फरवरी में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 9 दशमलव एक प्रतिशत बढ़कर एक लाख 84 हजार करोड़ रुपये हो गया। फरवरी लगातार 12वां महीना है जब एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी का संग्रहण हुआ है। एक रिपोर्ट...

******************

जमशेदपुर से सटे आदिवासी बहुल इलाकों में बाहा महोत्सव कल से शुरू होगा और पूर्णिमा तक मनाया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत उम नाड़का से होगी, इसके बाद बाहा बोंगा और बाहा सेंदरा मनाया जाएगा। इस दौरान पारंपरिक पूजा–अर्चना, साल के फूलों की सजावट और होली खेली जाएगी।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का व्यापक असर देखने को मिला है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

हजारीबाग जिले में एपीड योजना और राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक यंत्र पंजीकरण और परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से एलिम्को कंपनी के उपकरण जरूरतमंदों को दिए जाएंगे। दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड, आधार और आय प्रमाण पत्र के आधार पर सहायता मिलेगी, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए 60 वर्ष आयु और आय प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

******************

जमशेदपुर के दलमा में अब भी बाघ की मौजूदगी है। डीएफओ सबा आलम ने पुष्टि की कि 21 दिसंबर को बाघ के प्रवेश की जानकारी मिली थी, जिसके बाद से वन विभाग नजर बनाए हुए है। उन्होंने इसे दलमा के लिए सुखद और शुभ संकेत बताया ।

******************

देवघर जिले के सारठ प्रखंड की कैराबांक पंचायत में मनरेगा योजना में जेसीबी के उपयोग की शिकायत पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है। उपायुक्त विशाल सागर ने अभिलेखीय जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति को तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

******************

राज्य के सभी जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। शनिवार को सबसे अधिक तापमान 38 दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस बहरागोड़ा का रिकॉर्ड किया गया।

******************

दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप–ए के अंतिम मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत से बल्लेबाजी करने को कहा है। मैच अब से कुछ ही देर में शुरू होगा। ग्रुप–ए से दोनों ही टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं। आज के मैच से ग्रुप की शीर्ष टीम का फैसला होगा। आज जो टीम मैच जीतेगी उसका मंगलवार को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा जबकि हारने वाली टीम बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी।

*****समाप्त*****